एक नजर

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



तिलहर शाहजहांपुर। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर धमकी देने के आरोप में तिलहर पुलिस ने वांछित युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को खानपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, 20 नवंबर को पीड़िता ने थाना तिलहर में शिकायत दर्ज कराई थी कि भेदपुर निवासी चन्द्रवीर पुत्र जयचन्द्र ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। शादी करने की बात कहने पर आरोपी और उसके परिजनों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया।शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 605/26 के तहत बीएनएस की धारा 69, 352, 351(3) तथा एससी/एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया था।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना प्रभारी प्रभाष चन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 21 नवंबर को खानपुर चौराहे के पास से 20 वर्षीय चन्द्रवीर को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सौरभ शुक्ला, कांस्टेबल अंकित और मयंक भाटी शामिल रहे। पुलिस के मुताबिक आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि मामले की विवेचना जारी है।

नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती पर बांटे गए फल, मिठाई और कंबल



गोसाईंगंज, अयोध्या। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती रविवार को गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के रामगंज में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस मौके पर गोसाईगंज विधानसभा से सपा के पूर्व प्रत्याशी रामसागर वर्मा के नेतृत्व में उनके आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्ष्ष्ट परिवार के लोगों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों एवं संघर्षों को याद किया।जयंती समारोह के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच मिष्ठान, फल और कंबलों का वितरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने जीवनभर गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका राजनीतिक जीवन सामाजिक न्याय और समानता की विचारधारा को समर्पित रहा। उनके संघर्ष और समाज के प्रति योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। सैनी रक्षा दल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम सिंह सैनी, सपा नेता शिव प्रसाद वर्मा, हरिप्रसाद प्रजापति, रामप्रसाद, राजेश, बबलू, समाजसेवी दुर्गेश वर्मा, आत्माराम वर्मा, दीपक, महेश, सती प्रसाद प्रजापति, प्रेम शंकर, विकास और राजमोहन सहित बड़ी संख्या में क्ष्ष्ट परिवार के लोग मौजूद रहे।

रामनगरी में हजारों से अधिक साधु-संतों ने ग्रहण किया प्रसाद

अयोध्या। हनुमानगढ़ी स्थित श्री हनुमत कथा मंडपम, इमलीबाग में आयोजित विशाल भंडारे में 25 हजार से अधिक साधु-संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने इसे पिछले 100 वर्षों का सबसे बड़ा संत भंडारा बताते हुए नया कीर्तिमान स्थापित करने का दावा किया।पूज्य जगद्गुरु स्वामी सतीशाचार्य जी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुंबई के उद्योगपति डॉ. आरआर चतुर्वेदी मुख्य यजमान एवं आयोजक के रूप में परिवार सहित शामिल हुए। भंडारा सुबह आठ बजे से शुरू होकर रात 10 बजे तक चला। इसमें हनुमानगढ़ी सहित अयोध्या के विभिन्न मठों, मंदिरों और आश्रमों से बड़ी संख्या में साधु-संत पहुंचे। इस दौरान संत सेवा, धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का संगम देखने को मिला। आयोजकों ने कहा कि संतों की सेवा सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है और संत समाज का आशीर्वाद ही आयोजन की वास्तविक सफलता है।

फोरलेन पर सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

मिल्कीपुर -अयोध्या। अयोध्या जिले के इनायतनगर थाना क्षेत्र के पटखौली बाजार में रविवार सुबह बोलेरो कैंपर की टक्कर से खेत जा रहे बुजुर्ग की मौत हो गई।मृतक का नाम भगवानदीन उम्र 70 वर्ष पुत्र रोंघई हादसा सुबह 10ः10 बजे करमडांडा मोड़ पर हुआ। मृतक करमडांडा गांव के पूर्व प्रधान राम धीरज रावत के पिता भगवान दीन थे। मृतक भगवानदीन वन विभाग में माली के पद से सेवानिवृत हुए थे।प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह के मुताबिक, मोड़ पर मिस्टी गैस सर्विस की पिकअप उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर दे रही थी। तभी अयोध्या की ओर से आ रही बोलेरो कैंपर (क्क42 ष्टञ्ज 1571) ने गैस उतार रहे वाहन (क्क42 ष्टञ्ज 2154) को टक्कर मार दी।टक्कर के बाद पिकअप करीब 25 से 30 फीट तक पीछे खिसक गई। उसकी चपेट में आने से सड़क के किनारे पटरी पर मौजूद भगवान दीन की दर्दनाक मौत हो गई। इसके अलावा सड़क किनारे खड़ी एक स्कूटी भी इन वाहनों में फंसकर कुछ दूर तक घिसट गई।घटना की सूचना पर इनायतनगर थाने बारुन पुलिस चौकी और कुचेरा पुलिस चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सबसे पहले भीड़ को नियंत्रित किया और आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर सड़क को खाली कराया इसके बाद दोनों वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात को चालू कराया। टोल प्लाजा पर मौजूद 1033 एंबुलेंस से भगवान दीन को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।हादसे के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। इनमें जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा, ग्राम प्रधान खिहारन अजीत मौर्य और करमडांडा के ग्राम प्रधान मुकेश पंडित समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

धूमधाम से मनाया गया श्री श्याम जन्मोत्सव



बिसवां नगर (सीतापुर)। नगर के कोतवाली के पीछे स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर में श्री श्याम जन्मोत्सव धूमधाम एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। सायं आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक संदीप मस्ताना (कन्नौज) एवं मयूर वर्मा (बिसवां) ने बाबा श्याम के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी। 'हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा', 'श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम' और 'कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है' जैसे भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते रहे। मंदिर परिसर में भक्ति, उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के अंत में बाबा श्याम की आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

नगर पालिका बिसवां सड़क पर डलवा रहा कूड़ा



बिसवां नगर (सीतापुर)। नगर के अंदर मुख्य मार्ग के दोनों तरफकूड़ा डालकर पटाई अभियान महीनों से चलाया जा रहा है। कूड़ा डालने से मुख्य मार्ग पर दुर्गंध फैल रही है। जिससे राहगीरों का चलना दूभर होता जा रहा है। हम बात कर रहे हैं बिसवां से महमूदाबाद मुख्य मार्ग पर अन्त्येष्टि स्थल निकट की। जहां रोजाना नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है। यहां कूड़ा डालने का मकसद किसी की जमीन की पटाई करना हो सकता है, या कूड़ा निस्तारण के लिए पालिका द्वारा बनाया गया स्थल भी हो सकता है। गौर करने वाली बात यह है कि मुख्य मार्ग के दोनों किनारों पर कूड़ा डाला जा रहा है और क्षेत्रीय प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है। लोगों का कहना है कि महीनों से यहां नगर पालिका द्वारा रोजाना कूड़ा डालकर निस्तारित किया जा रहा है। जबकि मना करने पर कर्मचारियों द्वारा धमकाया जाता है। वर्तमान समय में नगर के अंदर मच्छरों की भरमार है, जिससे बीमारी फैलने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। इस समय डॉक्टरों के यहां बुखार, डेंगू, मलेरिया के मरीजों में काफी बढ़ोतरी हुई है। नगर में अधिकांश लोग डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी की चपेट में हैं। वहीं कूड़ा के अन्दर से छुट्टा घूम रहे गौ वंश उसमें से पन्नी बीन बीन कर खाकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं तथा बच्चों द्वारा भी उसमें से बोतल आदि बीनी जा रही है। जिससे संक्रमण का खतरा पैदा हो गया है अब देखना यह होगा कि नगर पालिका परिषद कब इसे हटवाया है।

सपा सरकार बनाना नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर रविवार को गुलाबबाड़ी स्थित लोहिया भवन में जिला एवं महानगर कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन पांडेय ने कहा कि नेताजी ने अपना पूरा जीवन गरीबों, किसानों, नौजवानों, पिछड़ों और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित किया। उनके सपनों का समाजवादी उत्तर प्रदेश बनाना और 2027 में सपा की सरकार बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।


गणेशपुर की रामलीला में भरत मिलाप और खर-दूषण वध का भावपूर्ण मंचन



रामनगर, बाराबंकी। कस्बा गणेशपुर की प्राचीन रामलीला में रविवार को श्रीरामलीला कमेटी की ओर से भरत मिलाप और खर-दूषण वध की लीला का मंचन किया गया। स्थानीय कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।भरत द्वारा भगवान श्रीराम से अयोध्या लौटने का आग्रह करने और श्रीराम द्वारा पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वनवास पूरा करने का करुण प्रसंग दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहा। भगवान श्रीराम ने भरत को अपनी चरण पादुकाएं सौंपकर अयोध्या का राजकाज संभालने की जिम्मेदारी दी। इसके बाद भगवान श्रीराम और खर-दूषण की विशाल राक्षस सेना के बीच युद्ध तथा राक्षसों के संहार का मंचन किया गया। श्रीराम की भूमिका लव त्रिपाठी और लक्ष्मण की भूमिका कुश त्रिपाठी ने निभाई।

इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा रज्जू, रामचंद्र गुप्ता, राजकुमार निगम, महामंत्री केके शुक्ला, उपाध्यक्ष मनीष तिवारी और संरक्षक सतीश चंद्र अग्रवाल सहित कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

राजा बलि की दानवीरता और वचन पालन की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



निन्दूरा, बाराबंकी। विकासखंड निन्दूरा के ग्राम ताला में नवनिर्मित मां काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं को राजा बलि की पावन कथा सुनाई गई। उज्जैन महाकाल से पधारे कथा व्यास आचार्य अभिषेक दीक्षित ने भगवान विष्णु के वामन अवतार और राजा बलि की दानवीरता, वचनबद्धता एवं त्याग का भावपूर्ण वर्णन किया।आचार्य ने बताया कि राजा बलि असुर कुल में जन्म लेने के बावजूद महान धर्मात्मा और दानवीर थे। वे भक्त प्रह्लाद के पौत्र और विरोचन के पुत्र थे। अपने पराक्रम और तपस्या से उन्होंने तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया था। देवताओं की प्रार्थना पर भगवान विष्णु ने अदिति के गर्भ से वामन अवतार धारण किया और राजा बलि के यज्ञ स्थल पर पहुंचकर उनसे तीन पग भूमि दान में मांगी।गुरु शुक्राचार्य के मना करने के बावजूद राजा बलि अपने वचन से पीछे नहीं हटे। भगवान वामन ने विराट रूप धारण कर दो पग में पृथ्वी और स्वर्ग नाप लिया। तीसरे पग के लिए स्थान न बचने पर राजा बलि ने अपना सिर आगे कर दिया। उनकी दानशीलता और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें पाताल लोक का राज्य प्रदान किया और सदैव उनकी रक्षा का वचन दिया।

राजा बलि की कथा का संदेशराजा बलि प्रह्लाद के पौत्र थे और अपनी उदारता के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने भगवान वामन को तीन पग भूमि देने का वचन निभाने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनका चरित्र सिखाता है कि सच्चा दान केवल धन-संपत्ति का त्याग नहीं, बल्कि सत्य, वचन और धर्म की रक्षा के लिए स्वयं को समर्पित करना भी है। इसी कारण राजा बलि दानवीरता और वचन पालन के प्रतीक माने जाते हैं।आचार्य अभिषेक दीक्षित ने कहा कि सच्चा धर्म केवल धन का दान करना नहीं, बल्कि अपने वचन, सत्य और ईश्वर के प्रति समर्पण पर अडिग रहना भी है। राजा बलि का जीवन त्याग, समर्पण और वचन पालन की प्रेरणा देता है।

कथा के दौरान भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया और भगवान के जयकारों से कथा पंडाल गूंज उठा।इस अवसर पर कथा आयोजक अक्षय लाल चौहान, भागवत चौहान, छोटेलाल चौहान, शेखर, बजरंगी, पप्पू सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नेताजी के विचारों और समाजवादी मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं

सीतापुर। रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहारबाग सीतापुर में समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं संरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षा मंत्री, किसानों के मसीहा, पद्म विभूषण से सम्मानित धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव नेताजी की जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा ने किया।गोष्ठी में सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष शमीम कौसर ने नेताजी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए गोष्ठी का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सैकड़ों की संख्या में उपस्थित नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शमीम कौसर ने श्रद्धेय नेताजी के द्वारा अपने राजनीतिक जीवन काल में जनता के लिए संघर्ष करते हुए इमरजेंसी में जेल जाने से लेकर 8 बार विधायक 7 बार सांसद रहते हुए एवं रक्षा मंत्री, सहकारिता मंत्री तथा तीन बार मुख्यमंत्री रहते हुए जनता के हितों में किए गए।

मतदाता सूची में कोई पात्र नागरिक नाम दर्ज कराने से न छूटे -डीएम

अयोध्या। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र अयोध्या के एसएसवी इंटर कॉलेज और बापू बालिका इंटर कॉलेज, साहबगंज स्थित मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों और कर्मचारियों को युवाओं, महिलाओं सहित सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहे। प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी विशु राजा, एसडीएम आनंद तिवारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण में जुटा प्रशासन, एसडीएम ने गांवों में परखी प्रगति



रामनगर, बाराबंकी। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर प्रशासन ने गांवों में निगरानी तेज कर दी है। रविवार को उपजिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता ने रामनगर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्राथमिक विद्यालयों में बने बूथों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति जानी।उन्होंने लोहटी जई, गणेशपुर, मीतपुर, गोबरहा मठ और लैन सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में बीएलओ एवं संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।एसडीएम ने आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं कोटेदारों और ग्राम प्रधानों को घर-घर जाकर मतदाता सूची की जांच करने तथा छूटे हुए पात्र लोगों के आवेदन भरवाने के निर्देश दिए। पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना है।

सिमटता जा रहा हरगांव का ऐतिहासिक मेला का आज से होगा आगाज

हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव स्थित प्राचीन सूर्यकुंड तीर्थ पर भगवान गौरीशंकर भोलेनाथ के सानिध्य में लगने वाले पौराणिक एवं ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेले का शुभारंभ 23 नवंबर 2026 से होगा। करीब एक माह तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन प्रदेश सरकार के एक कद्दावर मंत्री द्वारा किया जाएगा। हालांकि, डेढ़-दो सौ वर्षों से अधिक पुरानी परंपरा वाले इस मेले के सामने सबसे बड़ा सवाल इसके लगातार सिमटते स्वरूप और स्थायी मेला मैदान के अभाव का है। मेले की समुचित व्यवस्थाओं एवं देखरेख के लिए जिला प्रशासन ने उप जिलाधिकारी न्यायिक फूल चंद यादव को मेलाधिकारी नियुक्त किया है। तैयारियों को लेकर मेला अधिकारी ने नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खां एवं अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्र के साथ मेला स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्थानीय बुजुर्गों के मुताबिक, यह मेला लगभग डेढ़-दो सौ वर्षों से अधिक समय से आयोजित होता आ रहा है। कभी इसकी भव्यता दूर-दराज तक प्रसिद्ध थी। मेले में कालीन, लकड़ी के फर्नीचर और बक्सों की बड़ी-बड़ी दुकानें सजती थीं। समय के साथ सिनेमा घर, सर्कस, नाटक और नौटंकी जैसे मनोरंजन के साधन भी मेले की पहचान बन गए थे। दूर-दूर से व्यापारी और दर्शक यहां पहुंचते थे, लेकिन धीरे-धीरे मेले की जमीन और आयोजन का दायरा सिमटता चला गया। आज स्थिति यह है कि ऐतिहासिक मेला सड़क किनारे बाजार के रूप में सिमटकर रह गया है। मेले की बदहाली और लगातार सिमटते स्वरूप के लिए स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उदासीनता भी कम जिम्मेदार नहीं मानी जा सकती। क्षेत्र से तीन बार सांसद चुने जाने के बावजूद किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस पौराणिक एवं ऐतिहासिक मेले को राज्य स्तर पर पहचान दिलाने। इसके विस्तार के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराने अथवा स्थायी मेला मैदान घोषित कराने की दिशा में कोई प्रभावी पहल नहीं की। चुनाव के दौरान क्षेत्र की विरासत और विकास की बातें तो होती रहीं, लेकिन डेढ़-दो सौ वर्षों पुरानी इस सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपरा के संरक्षण का मुद्दा प्राथमिकता में शामिल नहीं हो सका। सबसे अहम बात यह है कि वर्तमान प्रदेश सरकार पौराणिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के संरक्षण, संवर्धन और विकास की प्रबल पक्षधर रही है। ऐसे में हरगांव के इतने प्राचीन और धार्मिक महत्व वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले की लगातार हो रही उपेक्षा लोगों की समझ से परे है। सवाल उठता है कि जब प्रदेश के अन्य धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को नई पहचान दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं तो हरगांव के इस गौरवशाली मेले को संरक्षण और विस्तार देने की पहल अब तक क्यों नहीं हो सकी? स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि जनप्रतिनिधियों ने समय रहते गंभीर प्रयास किए होते तो आज यह ऐतिहासिक मेला अपनी पुरानी पहचान और भव्यता के साथ प्रदेश के प्रमुख मेलों में शामिल हो सकता था। नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खां पिछले कई वर्षों से मेला समापन के अवसर पर मंच से मेले के लिए भूमि खरीदने की बात कहते आ रहे हैं।

एक नजर

शादी का झांसा दे नाबालिग का यौन शोषण, गर्भवती होने पर मुकरा युवक

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर नाबालिग किशोरी का यौन शोषण करने और उसके गर्भवती होने पर शादी से इनकार करने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। किशोरी का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसडीएम आकांक्षा ने परखी पुनरीक्षण कार्य की हकीकत

रामनगर बाराबंकी। उपजिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता ने रविवार को रामनगर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति जानी।उन्होंने लोहटी जई गणेशपुर मीतपुर गोबरहा मठ और लैन सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में बीएलओ एवं संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे।उन्होंने आशा बहुओं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं कोटेदारों और ग्राम प्रधानों को घर-घर जाकर मतदाता सूची की जांच करने तथा छूटे हुए पात्र लोगों के फार्म भरवाकर नाम शामिल कराने के निर्देश दिए।एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि पुनरीक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार मिलना सुनिश्चित किया जाए।

पत्नी की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए कराया श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

बाराबंकी। ग्राम पंचायत रसौली स्थित देवी मंदिर परिसर में एक सप्ताह से चल रही श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का रविवार को धार्मिक अनुष्ठानों और पूजा-अर्चना के साथ समापन हो गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। विकास खंड मसौली ग्राम निवासी राजकिशोर पोरवाल ने अपनी स्वर्गवासी पत्नी की स्मृति में इस कथा का आयोजन कराया था। कथा व्यास रणधीराचार्य जी महाराज ने सात दिनों तक श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, सदाचार और सत्कर्मों का महत्व बताया। कथा के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।मुख्य यजमान राजकिशोर पोरवाल ने बताया कि उनकी पत्नी की श्रीमद्भागवत कथा कराने की बड़ी इच्छा थी। उनके निधन के बाद परिवार ने उनकी इस इच्छा को पूरा करने का संकल्प लिया। आयोजन में नाती-नातिन, पोते-पोतियों, बेटी-दामाद सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने सहयोग किया। कथा का समापन श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ हुआ।

दो बूथों पर बदले गए पदाभिहित अधिकारी

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। रविवार को तहसीलदार विपुल सिंह ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर पुनरीक्षण कार्य की प्रगति जांची। मेंडुवा बूथ पर काम की गति धीमी मिलने पर संबंधित बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जबकि धरौली और भरहेमऊ में पदाभिहित अधिकारी अनुपस्थित मिलने पर उनके स्थान पर दूसरे शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई।तहसीलदार ने मुरारपुर, भुडेहरी, मालिनपुर, पटेल पंचायती इंटर कॉलेज, बनीकोडर, धरौली और मेंडुवा स्थित बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने और नाम-पते में संशोधन के लिए प्राप्त आवेदनों की स्थिति देखी।कर्मचारियों को पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समयसीमा में आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने या संशोधन कराने के लिए बीएलओ के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है। 28 और 29 नवंबर को सभी निर्धारित बूथों पर बीएलओ उपस्थित रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की।

कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियां तेज, कोटवाधाम पहुंचने लगे श्रद्धालु



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। श्री कोटवाधाम में कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मेला शुरू होने से पहले ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु बड़े बाबा जगजीवन दास साहब के मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन और प्रसाद चढ़ा रहे हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और सुविधाओं के इंतजाम मजबूत किए जा रहे हैं।रविवार को प्रशासन ने अग्रहण सरोवर में बैरिकेडिंग और जाली लगवाकर स्नान की व्यवस्था सुरक्षित की। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकना है। निर्धारित स्थान पर ही स्नान कराने के लिए पुलिसकर्मियों और स्वयंसेवकों की तैनाती की जा रही है।उधर, कई श्रद्धालु लेटकर परिक्रमा करते हुए बड़े बाबा के दरबार पहुंच रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, एसडीएम अनिल कुमार सरोज और कोतवाल राम अवतार सरोज लगातार तैयारियों का निरीक्षण कर रहे हैं। पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुटा है।

भाजपा नेता चलाया नवमतदाता अभियान, 30 युवाओं के भरवायें फार्म

रामनगर, बाराबंकी। लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से भाजपा नेता केपी तिवारी ने रविवार को रामनगर विधानसभा क्षेत्र में नवमतदाता अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत ग्राम ददौरा के बूथ संख्या 241 से हुई, जहां 30 नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म भरवाए गए।इसके बाद उन्होंने रामनगर कस्बे के उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ संख्या 258, 259 और 260 पर पहुंचकर युवाओं से संपर्क किया। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने और विवरण में त्रुटियों को ठीक कराने के लिए जागरूक किया। केपी तिवारी ने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर पात्र युवाओं और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे लोगों का पंजीकरण कराने की अपील की। इस दौरान बीएलओ दुर्गेश पांडेय, मोहम्मद इरफान, राहुल मौर्य, रिंकू कनौजिया और सभासद आशुतोष शुक्ला मौजूद रहे।

आज होगा निःशुल्क नेत्र शिविर

हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव एवं विकासखण्ड क्षेत्र के बुजुर्गों एवं असहाय लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार 23 नवंबर 2026 को हरगांव में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। डॉ. श्रॉफचौरिटी आई हॉस्पिटल की ओर से आयोजित यह शिविर दतौली रोड स्थित चीमा पैलेस में सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच कर मोतियाबिंद की पहचान की जाएगी। जांच में मोतियाबिंद की पुष्टि होने वाले मरीजों का लेंस विधि से ऑपरेशन निःशुल्क किया जाएगा। खास बात यह है कि चयनित मरीजों को अस्पताल तक आने-जाने, रहने और खाने की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा आंखों की जांच कराने वाले लोगों को शिविर स्थल पर रियायती दरों पर चश्मे दिए जाएंगे। बेहतर लेंस एवं दूरबीन विधि से ऑपरेशन के संबंध में परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। आयोजक नितिन मिश्र, संचालक ममता पैथोलॉजी हरगांव तथा गुरदीप सिंह (ज्ञानी जी), प्रबंधक चीमा पैलेस ने बताया कि शिविर का विशेष लाभ बुजुर्गों, जरूरतमंदों एवं असहाय लोगों को मिलेगा। उन्होंने मरीजों से शिविर में पहुंचते समय आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील की है।